दिन– शुक्रवार | दिनांक– 20 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई और डीप–टेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ की बैठक।

02 गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने बजट भाषण पर चर्चा के दौरान सदन को बताया– राज्य से नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया कर दिया गया है।

03. राज्य मंत्रिमंडल ने सोनपुर में अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की।

04. और, विशेष निगरानी इकाई ने ठाकुरगंज में पदस्थापित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनिता कुमारी को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

---

भारत और अमरीका ने आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में पैक्स सिलिका घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर किए। यह घोषणा–पत्र महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर के उत्पादन तथा तेजी से विकसित हो रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत का लक्ष्य सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों में अग्रणी भूमिका निभाना है। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत के अलग–अलग राज्यों से छात्र चिप्स डिजाइन कर रहे हैं।

–––बाईट–––

आज स्टूडेंट्स के पास में वर्ल्ड के बेस्ट्स सेमीकंडक्टर डिजाइन टूल्स हैं। सिनॉप्सिस के, केडेन्स के, सीमेंस के और ऐप्सल्यूटली फ्री, स्टूडेंट्स को एक रुपया भी वहां पर कॉस्ट नहीं देनी पड़े। आज असम से, जम्मू–कश्मीर से, ओडिशा से, राजस्थान से, छत्तीसगढ़ से, तेलंगाना से, केरल से, तमिलनाडु से, सब जगह से स्टूडेंट्स चिप्स डिजाइन कर रहे हैं।

श्री वैष्णव ने कहा कि भारत का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र बहुत जल्द वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करेगा।

–––बाईट–––

यूएस के साथ और भी कई जुड़े हुए देशों के साथ मिलकर भारत पैक्स सिलिका यानी सेमीकंडक्टर इलैक्ट्रोनिक्स की वैल्यू चेन का हिस्सा बना है। जिससे भारत की इलैक्ट्रोनिक्स इंडस्ट्री को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को बहुत लाभ होगा। जिस तरह से ऑलरेडी दस प्लांट भारत में स्थापित होने की प्रक्रिया में है और बहुत जल्दी ही पहला सेमीकंडक्टर प्लांट कमर्शियल प्रोडक्शन्स स्टार्ट करेगा।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नये कार्यालय भवन सेवा तीर्थ में एआई और डीपटेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारिओं के साथ एक बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री ने कृषि, पर्यावरण संरक्षण और मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई तकनीक के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। श्री मोदी ने मजबूत डेटा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने यूपीआई को सरल और विस्तार योग्य डिजिटल नवाचार का एक मॉडल बताते हुए भारतीय कंपनियों में विश्वास व्यक्त किया और घरेलू उत्पादों पर भरोसा करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने की बात भी कही और भारतीय स्टार्टअप्स में निवेशकों की मजबूत रुचि का उल्लेख किया। गोलमेज बैठक के दौरान 16 एआई और डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ और संस्थापकों ने अपने विचार और कार्य प्रस्तुत किए। ये स्टार्टअप्स स्वास्थ्य सेवा, कृषि, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे विविध क्षेत्रों में व्यापक जनमानस पर प्रभाव डालने के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने साहसिक जोखिम उठाने और प्रभावशाली समाधान विकसित करने के लिए नवोन्मेषकों को बधाई भी दी। आनंद की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं आकर्षिता सिंह।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दिल्ली में चल रहे एआई समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन की कड़ी आलोचना की है। श्री सरावगी ने कहा कि एक ओर जब पूरी दुनिया भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में एक उभरते हुए वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में देख रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश को बदनाम करने पर लगी हुई है।

---

उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार से नक्सलवाद का सफाया कर दिया गया है। विधानसभा में बजट भाषण के दौरान श्री चौधरी ने कहा कि केन्द्र की दूरदर्शी सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सतत प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि अब नक्सल से प्रभावित रहे इलाकों में विकास कार्यों को तेज करने में मदद मिलेगी।

———बाईट———

गृह मंत्री ने कहा कि राज्य के उद्योगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए दो बटालियन का गठन किया जायेगा।

———बाईट———

श्री चौधरी ने बताया कि राज्य के नौ सौ अड़सठ थानों को सीसीटीवी नेटवर्क से जोड़ दिया गया है। वहीं, साईबर अपराध रोकने के लिए चौबीस घंटे हेल्पलाईन संचालित की जा रही है।

---

राज्य के सोनपुर में नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया जाएगा। हवाई अड्डा के लिए राज्य मंत्रिमंडल ने चार हजार दो सौ अठाईस एकड़ जमीन अधिग्रहण को प्रशासनिक मंजूरी दी है। पूर्वी भारत के पहले और देश के पांचवें बड़े ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के लिए एक हजार तीन सौ दो करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत प्रदान की गई है। केन्द्र सरकार ने आम बजट में सोनपुर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी थी। यह परियोजना राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ उत्तर बिहार और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी। सोनपुर में एयरपोर्ट के निर्माण से निवेश, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे।

---

पटना उच्च न्यायालय में बिहार विधानसभा के अट्ठाईस विधायकों के मामले में चुनावों के दौरान अनियमितता को लेकर सुनवाई चल रही है। इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय को इस संबंध में कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि नोटिस मिलने पर कानूनी सलाह ली जायेगी, उसके बाद प्रतिक्रिया देना उचित रहेगा।

---

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने राज्य में दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं पर सरकार को घेरते हुये कहा कि इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। राबड़ी देवी ने आरोप लगाया कि प्रदेश की बेटियों को सुरक्षा प्रदान करने में सरकार विफल साबित हो रही है।

———बाईट———

चर्चा का जवाब देते हुये शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि सरकार की नीति और नियत दोनों साफ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है।

———बाईट———

---

विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने राज्य में गिरते कानून–व्यवस्था के सवाल पर नीतीश सरकार की आलोचना की है। श्री यादव ने कहा विधि–व्यवस्था को ठीक करने का दावा करने वाली सरकार अपराधियों के आगे नतमस्तक हो रही है।

–––बाईट–––

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप जायसवाल ने तेजस्वी यादव के आरोपों पर कहा कि सरकार कानून–व्यवस्था के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। श्री जायसवाल ने कहा कि अपराधियों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है।

–––बाईट–––

---

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने कहा है कि राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के लिए विभागीय ढांचे को लगातार मजबूत किया जा रहा है। श्री खान ने आज संवाददाताओं से बातचीत में विभाग की प्रगति एंव उपलब्धियों की जानकारी दी।

–––बाईट–––

---

राजद के विधायक बीरेन्द्र यादव ने सरकार से मैट्रिक परीक्षार्थियों के समय पर परीक्षा केन्द्र नहीं पहुंचने के मामले में राहत देने की मांग की है। विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि परीक्षा में पन्द्रह से बीस मिनट का ग्रेस देना चाहिए ताकि देर से पहुंचने वाले परीक्षार्थी भी इसमें शामिल हो सकें।

–––बाईट–––

---

पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने उच्च न्यायालय में नव–निर्मित ई–फाइलिंग सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह केंद्र पेपरलेस कोर्ट की दिशा में एक अहम कदम है।

–––बाइट–––

---

विशेष निगरानी इकाई ने किशनगंज के ठाकुरगंज में पदस्थापित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनिता कुमारी को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी डीपीओ एक लाभुक से कार्य संबंधित फाईल को आगे बढ़ाने के लिए

रिश्वत की मांग की थी। इकाई की टीम ने अनिता कुमारी के आवास पर भी तलाशी की कार्रवाई की है।

---

बिहार के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल एम.यू. अब्दाली ने कहा है कि राज्य में डाक सेवाओं को अधिक सशक्त, प्रभावी और जन उपयोगी बनाया जा रहा है। श्री अब्दाली ने आज औरंगाबाद में कहा कि अब डाक घर भी तकनीक के मामले में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से पीछे नहीं है।

---

शिवहर के कृषि भवन परिसर में दो दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले में किसानों के उत्पादों का प्रदर्शन लगाया गया है।

---

पूर्वी चमपारण जिले के मधुबन प्रखंड में जीविका परियोजना के तहत राजेगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में देशभर से कम्पनियों ने भाग लिया।

---

खगड़िया जिले में एनएच इकतीस पर वाहन जाचं के दौरान पुलिस ने पैंतालीस लीटर विदेश शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के उद्देश्य से सोलह राज्यों के स्वयंसेवकों ने रैली निकाली और विविधता में एकता का संदेश दिया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई और डीप–टेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ की बैठक।

02 गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने बजट भाषण पर चर्चा के दौरान सदन को बताया– राज्य से नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया कर दिया गया है।

03. राज्य मंत्रिमंडल ने सोनपुर में अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की।

04. और, विशेष निगरानी इकाई ने ठाकुरगंज में पदस्थापित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अनिता कुमारी को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।